14.10.24

Page -1

**Tender Heart High School, Sector- 33 - B, Chandigarh.**

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी सुलेख                    शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : सरल हिन्दी सुलेख भाग-3

प्यारे बच्चो!

आप अपनी हिन्दी की लिखाई को सुन्दर बनाने के लिए सरल हिन्दी सुलेख भाग- तीन की पुस्तक पर अभ्यास करें। इस कार्य को सभी छात्रों के लिए करना आवश्यक है। अभ्यास करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है जैसे अक्षरों और शब्दों का आकार समान हो। इनमें दूरी भी समान होनी चाहिए। सभी छात्र शब्द अथवा वाक्य इस प्रकार से लिखें कि पढ़ने वाले को स्पष्ट समझ में आ जाए। शब्दों के ऊपर दी जाने वाली शिरोरेखा को सीधा खींचें। हमेशा लिखते समय अपनी पेंसिल की नोक तीखी रखें। सबसे महत्त्वपूर्ण बात कि अपना यह कार्य पूरी रुचि से करें।

अध्यापिका द्वारा आपको 'सरल हिन्दी सुलेख' में अभ्यास करने के साथ-साथ एक अलग से अभ्यास-पुस्तिका भी लगवाई गई है जिसमें आपको वर्ण और उस वर्ण से जुड़े चार शब्दों को सुन्दर लिखाई में लिखने का कार्य भी दिया जाता है। इस सप्ताह भी आपको 'घ' वर्ण का अभ्यास तथा 'घ' वर्ण से जुड़े

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख
शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

जुड़े चार शब्दों का अभ्यास करने के लिए दिया जा रहा है। सभी छात्र गृहकार्य करने के साथ-साथ इस कार्य को भी करेंगे।







1. घंटी



2. घोड़ा




3. घड़ी



4. घर

इस प्रकार अभ्यास द्वारा सभी छात्र अपनी हिन्दी की लिखाई में सुधार ला सकते हैं।

गृहकार्य

सभी छात्र पृष्ठ संख्या- 20 को सरल हिन्दी सुलेख की पुस्तक पर लिखने का अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय आप अध्यापिका द्वारा बताई बातों को भी अवश्य ध्यान में रखेंगे।

धन्यवाद।

ज्ञान ही वास्तविक सोना है।

ज्ञान ही वास्तविक सोना है।

मित्र वही जो मुसीबत में काम आए।

मित्र वही जो मुसीबत में काम आए।